पंचायती राज, जिला पंचायत राज अधिकारी(मुख्यालय), प्रशासनिक अधिकारी तथा प्रकाशन अधिकारी के पद स्वीकृत हैं और यह समस्त अधिकारी निदेशक, पंचायती राज उत्तर प्रदेश के सामान्य नियंत्रण में विभागीय कार्यो का सम्पादन करते हैं।

वर्तमान में मण्डल स्तर पर मण्डलीय उपनिदेशक (पंचायत) के 18 एवं 03 पद मुख्यालय पर स्वीकृत हैं। मण्डलीय उपनिदेशक(पंचायत) आवंटित मण्डल के कार्यो पर नियंत्रण एवं निरीक्षण आदि का कार्य करते हैं। जिला स्तर पर एक जिला पंचायत राज अधिकारी एवं प्रदेश के विकास खण्ड स्तर पर एक–एक सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कार्यरत हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी के अधीन पंचायत उद्योगों के तकनीकी मार्गदर्शन एवं नियंत्रण एवं निरीक्षण हेतु सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी (प्राविधिक) के कुल 57 पद स्वीकृत हैं। पंचायत उद्योगों के व्यवसाय का कार्य करने के लिए 19 पंचायत निरीक्षक (उद्योग) के पद है। उक्त के अतिरिक्त 75 अपर जिला पंचायत राज अधिकारी के पद सृजित किये गये है। ग्राम पंचायतों के सचिव के रूप में तथा विकास योजनाओं का कार्य करनें के लिए प्रत्येक ग्राम

Scanned with CamScanner

पंचायत में ग्राम पंचायत अधिकारी कार्यरत हैं। इस समय 8135 ग्राम पंचायत अधिकारी के पद स्वीकृत हैं। इन अधिकारियों के सक्षम नियंत्रण और प्रभावी निर्देशन तथा कर्मचारियों के अथक परिश्रम के फलस्वरूप विभाग को कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त हो रही है तथा विभागीय कार्यो में निरन्तर गति आयी है।

निदेशालय स्तर	कुल स्वीकृत पद
लेखाकार	07 पद
स0 लेखाकार	03 पद
समूह – 'ग' लिपिक संवर्ग	70 पद
समूह– 'घ'(चतुर्थ श्रेणी)	25 पद

मण्डल स्तर	कुल स्वीकृत पद
कनिष्ठ लिपिक समूह–ग)	08 पद
आशुलिपिक	08 पद
चतुर्थ श्रेणी (समूह–घ)	06 पद

जिला स्तर	कुल स्वीकृत पद
कनिष्ठ लिपिक(समूह–ग)	114
वरिष्ठ लिपिक (समूह–ग)	12
लेखाकार	75
सहायक लेखाकार	25
समूह–'घ'(चतुर्थ श्रेणी)	83
सफाई कर्मी	108848

जिला पंचायत राज अधिकारी

श्रेणी–ख में जिला पंचायत राज अधिकारी के कुल 74 पद स्वीकृत हैं जिसके सापेक्ष 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से, 5 प्रतिशत पद सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी(प्राविधिक) संवर्ग से पदोन्नति द्वारा तथा 43 प्रतिशत पद सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) संवर्ग से, 2 प्रतिशत पद पंचायत निरीक्षक(उद्योग) संवर्ग से पदोन्नति द्वारा भरे जाने का प्राविधान है। उक्त के अतिरिक्त एक पद जिला पंचायत राज अधिकारी(मुख्यालय) के पद नाम से मुख्यालय हेतु सृजित है। जिला पंचायत राज अधिकारी के कुल 75 पद वेतनमान रू0 8000–13500 का पुनरीक्षित वेतन बैन्ड रू0–15600–39100 ग्रेड वेतन 5400 में सृजित है।

सहायक विकास अधिकारी(पंचायत)

इस संवर्ग में वर्तमान में कुल 790 पद तथा पंचायत निरीक्षक(उद्योग) के 19 पद स्वीकृत हैं। उत्तर प्रदेश सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) एवं सह समाज शिक्षा संशोधन सेवा नियमावली 1994 के दिनांक 10.11.94 से प्रभाव में आने के उपरान्त वर्तमान में सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) के समस्त पद, ग्राम पंचायत अधिकारियों से प्रोन्नति द्वारा भरे जाने का प्राविधान है।

Scanned with CamScanner

ग्राम पंचायत अधिकारी

इस संवर्ग के कुल 8135 पद स्वीकृत हैं जो वर्तमान में ग्राम पंचायत के सचिव तथा ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं के कियान्वयन का कार्य कर रहें हैं। इन्हें ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम से पद नामित किया गया है।

सफाई कर्मीः–

प्रदेश के प्रत्येक राजस्व ग्राम में सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा कुल 108848 सफाई कर्मी के पदों का सृजन किया गया है। स्वीकृत पदों के सापेक्ष अब तक कुल 1,01,688 पदों पर चयन की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है तथा शेष पदों पर चयन /भर्ती की जा रही है।

भ्रष्टाचार निवारण हेतु कार्यवाही

विभाग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारियों, अपर मुख्य अधिकारियों और मण्डलीय उपनिदेशकों को कड़े निर्देश निर्गत किये गये हैं। अनियमितताएं पाये जाने पर प्रथम दृष्टया दोषी पाये गये 03 जिला पंचायत राज अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही संस्थित की गयी है। अनियमितता पाये जाने के प्रकरण में कतिपय अपर मुख्य अधिकारियों/अभियन्ताओं के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए आरोप पत्र जारी करने की कार्यवाही भी की गयी है।

सहायक विकास अधिकारी(पंचायत)

विभिन्न प्रकरणों में अनियमितताओं के लिये दोषी पाये गये 30 सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रख्यापित है।

Scanned with CamScanner

पंचायतीराज का प्रशासकीय ढाँचा

मा0 मंत्री, पंचायतीराज

↓

अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त

↓

प्रमुख सचिव, पंचायती राज

↓

राज्य निर्वाचन आयोग

1. राज्य निर्वाचन आयुक्त
2. अपर आयुक्त
3. सचिव
4. संयुक्त आयुक्त
5. उपायुक्त
6. वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी
7. उप सचिव
8. सहायक आयुक्त

निदेशक, पंचायतीराज

↓

अपर निदेशक(प्रशा0)

↓

1. अपर निदेशक
2. संयुक्त निदेशक
3. उपनिदेशक(पं0)
4. मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
5. जिला पचांयतीराज अधिकारी(मुख्यालय)
6. सहायक लेखाधिकारी

↓

मण्डल स्तर
मण्डलीय उप निदेशक(पं0)

↓

जिला स्तर

1. जिला पंचायतराज अधिकारी
2. अपर जिला पंचायत राज अधिकारी

↓

विकास खण्ड स्तर
सहायक विकास अधिकारी(पं0)

↓

ग्राम पंचायत स्तर

1. ग्राम पंचायत अधिकारी
2 सफाई कर्मी

मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

निदेशक(प्रिट)

↓

अपर निदेशक (प्रिट)

↓

संयुक्त निदेशक (प्रिट)

↓

सहायक निदेशक
वित्त एवं लेखाधिकारी,
प्रशासनिक अधिकारी
व्यवस्थाधिकारी

उप निदेशक, जिला पंचायत, अनुश्रवण प्रकोष्ठ

↓

मण्डल स्तर

↓

मण्डलायुक्त

↓

जिला स्तर

1. अध्यक्ष, जिला पंचायत
2. मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत/मुख्य विकास अधिकारी
3. अपर मुख्य अधिकारी

निदेशक, पंचायतीराज (लेखा)

1. संयुक्त निदेशक
2. उप निदेशक (मु0)

↓

जिला स्तर
वित्तीय परामर्शदाता/सहायक लेखाधिकारी

Scanned with CamScanner